जिलाधिकारी महोदय आगरा की अध्यक्षता में दिनांक 05.10.2026 को आयोजित जल जीवन मिशन (फेस–4) के अन्तर्गत सतही स्त्रोत आधारित पेयजल योजना में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

जिलाधिकारी महोदय, की अध्यक्षता में दिनांक 05.10.2026 को जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में श्री जुबेर बेग, अपर जिलाधिकारी(नगरीय एवं ग्रामीण जलापूर्ति), श्री अवनीश सिंह, अधिशासी अभियंता, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), श्री एन.के. सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग, श्रीमती रेनू कुमारी, पी0डी0, डी.आर.डी.ए., डॉ अरूण कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, श्री कृपाशंकर, वन विभाग, श्री महेन्द्रपाल सिंह, जू0प्र0, लघु सिंचाई विभाग, श्री अंकुर पटेल, सहायक अभियंता, नलकूप खण्ड आगरा, श्री योगेश कुमार, सहायक अभियन्ता, भू गर्भ जल विभाग, श्री मनीष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, श्री विश्वप्रताप सिंह, डी.आई.ओ, श्री शैलेन्द्र कुमार शर्मा, डी0आई0ओ0, श्री कमल भारद्वाज, सहायक अभियंता, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), श्री अंजुम खॉन, सहायक अभियंता, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), श्री रविन्द्र कुमार जैन, डी.पी.एम, टीपीआई, श्री रोहित ठाकुर, डीपीएम, आर.बी.एसोसियेट, श्री आनन्द कुमार सिंह, डिस्ट्रिक्ट कोडिनेटर, डीपीएमयू, कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0 से श्री शिवराम राजू, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 से श्री गंगाधर, डी.जी.एम. और मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फास्ट्रक्चर प्रा0 लि0 से श्री अमित पाण्डे, प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे।

अधिशासी अभियंता, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा दोनों निर्माणाधीन परियोजनाओं की भौतिक प्रगति एवं मै0 दारा इंजीनियरिंग के द्वारा 89 नग पेयजल योजनाओ के संचालन एवं रखरखाव की प्रगति के सम्बन्ध में निम्नलिखित रूप से बताया गया:–

मै0 एन0सी0सी0–एप्को(जे0वी0), पैकेज–01

1. **भूमिगत जलाशय (CWR) की प्रगति–** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मै0 एन0सी0सी0 द्वारा कुल 17 सी0डब्ल्यू0आर0 का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अधिशासी अभियंता, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि दिनांक 06.08.2026 को हुई बैठक में प्रगति 99.00% से बढ़कर दिनांक 05.10.2026 को 99.70% हो गई, इस दौरान कुल प्रगति 00.70% रही। पम्प हाउस (Pump House) की प्रगति दिनांक 06.08.2026 को हुई बैठक में 93.35% से बढ़कर आज दिनांक 05.10.2026 को 97.06% हो गई, इस दौरान कुल प्रगति 03.71% की रही। सब स्टेशन बिल्डिंग (Sub-Station Building) की प्रगति दिनांक 06.08.2026 को हुई बैठक में 74.35% से बढ़कर दिनांक 05.10.2026 को 82.00% हो गई, इस दौरान कुल प्रगति 07.65% की रही। क्लोरीनेशन बिल्डिंग (Clorinator Building) की प्रगति दिनांक 06.08.2026 को हुई बैठक में 56.00% से बढ़कर दिनांक 05.10.2026 को 71.00% हो गई, इस दौरान कुल प्रगति 15.00% की रही। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एन.सी.सी के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि तत्काल मैनपावर व मशीनरी बढ़ाते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता पर कार्य पूर्ण करायें।

(कार्यवाही:–जे.जी.एम., मै0 एन.सी.सी.–एप्को(जे.वी.)।

2. **पाइप लेइंग –** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मै0 एन0सी0सी0 द्वारा कुल 1967.71 कि0मी0 पाइप लाइन की सप्लाई करायी गई है। अधिशासी अभियंता, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि दिनांक 06.08.2026 को हुई बैठक में प्रगति 1216.82 कि0मी0 से बढ़कर दिनांक 05.10.2026 को 1295.1 कि0मी0 हो गई, इस दौरान कुल प्रगति 78.28 कि0मी0 की रही जो अत्यन्त कम है। इस दौरान हाइड्रोटेस्टिंग की प्रगति 83.83 कि0मी0 की रही। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, एन0सी0सी0 को निर्देशित किया गया कि पाइप लेइंग की गहराई मानक के अनुसार ही की जाये इसके साथ ही एम.एस पाइप की ज्वाइंटिग एवं बेल्डिंग अनुबन्ध के अनुसार आई.एस. कोड में निहित मानकों के अनुसार की जायें तथा टीम व मैनपावर व मशीनरी बढ़ाते हुए, स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही:–जे.जी.एम., मै0 एन.सी.सी.–एप्को(जे.वी.)।

3. **रोड कटिंग/डिस्मैंटलिंग की प्रगति–** अधिशासी अभियंता, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि दिनांक 06.08.2026 को हुई बैठक में प्रगति 22.24 कि0मी0 से बढ़कर दिनांक 05.10.2026 को 25.84 कि0मी0 हो गई, इस दौरान कुल प्रगति 3.60 कि0मी0 रही। इसके साथ ही सड़क पुर्नस्थापना 5.32 कि0मी0 से 7.53 कि0मी0 बढ़कर 12.85 कि0मी0 हो गई। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन.सी.सी. को निर्देशित किया गया कि तत्काल मैनपावर व मशीनरी बढ़ाते हुए रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य नवम्बर 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं पाइप लाइन बिछाने के दौरान सी0सी0 रोड़ की कटिंग जे0सी0बी0 से न कराकर रोड़ कटर से करायें व कॉम्पेक्टर के माध्यम से पूर्ण कॉम्पैक्शन करायें।

(कार्यवाही:–जे.जी.एम., मै0 एन.सी.सी.–एप्को(जे.वी.)।

4. **यमुना एवं ऊटंगन ब्रिज की प्रगति:–** अधिशासी अभियंता उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि यमुना ब्रिज की समग्र भौतिक प्रगति 60.28% से बढ़कर 63.00% हो गई है। वर्तमान प्रगति के अनुसार पियर कैप में 3, तथा PSC Grider में 5 की वृद्धि हुई। कुल भौतिक प्रगति 2.72% बढ़ गई है। ऊंटगन ब्रिज की प्रगति में अधिशासी अभियंता उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि ऊटंगन ब्रिज की समग्र भौतिक प्रगति 68.31% से बढ़कर 75.00% हो गई है। वर्तमान प्रगति के अनुसार पियर साफ्ट में 2, तथा PSC Grider में 7 की वृद्धि हुई। कुल भौतिक प्रगति 6.69% बढ़ गई है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, एन0सी0सी0 को निर्देशित किया गया कि प्रति सप्ताह दो पियर कैप का निर्माण कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही टीम व मैनपावर व मशीनरी बढ़ाते हुए, स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए कार्य पूर्ण करायें।

(कार्यवाही:–जे.जी.एम., मै0 एन.सी.सी.–एप्को(जे.वी.)।

5. **विद्युत/यांत्रिक सप्लाई एवं इन्स्टालेशन:–** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मै0 एन0सी0सी0 द्वारा कुल 92.65% विद्युत/यांत्रिक की सप्लाई करायी गई है। जबकि इन्स्टालेशन में दिनांक 06.08.2026 को हुई बैठक में प्रगति 01.77% से

Scanned with OKEN Scanner

बढ़कर दिनांक 05.10.2026 को 02.00% हो गई है जो अत्यन्त कम है। इस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए, प्रोजेक्ट मैनेजर एन.सी.सी. को निर्देशित किया गया कि विद्युत/यांत्रिक के इन्स्टालेशन के कार्यों में तेजी लाये जाये, साथ ही बची हुई सप्लाई को समयान्तर्गत पूर्ण करायें।

(कार्यवाही:–जे.जी.एम., मै0 एन.सी.सी.–एप्पको(जे.वी.)।

6. **मैन पावर** :– वर्तमान में मै0 एन0सी0सी0 को कार्य पूर्ण करने के लिए निर्धारित 548 मैन पावर की आवश्यकता है। अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि दिनांक 06.08.2026 को हुई बैठक में फर्म द्वारा 178 मैन पावर लगाये गये थे, जो बढ़कर दिनांक 05.10.2026 को 270 हो गये, इस दौरान कुल 92 अतिरिक्त मैनपावर की वृद्धि हुई है, तथापि निर्धारित आवश्यकता के सापेक्ष 278 मैनपावर अभी भी कम है।

(कार्यवाही:–जे.जी.एम., मै0 एन.सी.सी.–एप्पको(जे.वी.)।

7. **एन0ओ0सी0**– अधिशासी अभियंता उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि मै0 एन.सी.सी के एन0ओ0सी0 का विवरण निम्नवत् है–
   - **रेलवे एन0ओ0सी**– कुल 70 एन.ओ.सी. की आवश्यकता के सापेक्ष पिछली समीक्षा तक 47 एन.ओ.सी. प्राप्त हुए थे, जो वर्तमान में बढ़कर 49 हो गये, इस प्रकार 2 अतिरिक्त एन.ओ.सी. प्राप्त हुई। पिछली बैठक से वर्तमान में इस्टीमेट 49 से बढकर 51 हो गयी तथा सभी 51 का भुगतान किया जा चुका है। पिछली बैठक में 49 की बैंक गारण्टी जमा कर दी गई थी, जो वर्तमान में बढ़कर 51 हो गई है।
   - **एन0एच0ए0आई0**– कुल 7 एन.ओ.सी. की आवश्यकता के सापेक्ष पिछली बैठक से वर्तमान बैठक में 2 के एस्टीमेट प्राप्त हो गये है, और उनका भुगतान भी कर दिया गया है। इसके साथ ही वर्तमान बैठक में 1 की परमिशन प्राप्त हो गयी है।
   - **एन0एच0(पी0डब्लू0डी)**– एन0एच0(पी0डब्लू0डी) के अन्तर्गत फर्म को 03 नग एन0ओ0सी0 की आवश्यकता है जिसके अन्तर्गत सभी एन0ओ0सी अप्लाई कर दी गयी है सभी परमिशन प्राप्त हो चुकी है।
   - **Yeida-** यीडा के अन्तर्गत 01 नग एन0ओ0सी0 की आवश्यकता है जिसकी परमिशन प्राप्त हो चुकी है। जी.ए.एल. से 9 नग एन.ओ.सी. की आवश्यकता थी, जो प्राप्त हो गयी है।
   - **यूपीडा (UPEIDA)**– यूपीडा के अन्तर्गत 01 नग एन0ओ0सी फर्म द्वारा अप्लाई कर दी गयी है जिसका ज्वाइंट इन्सपेक्शन हो चुका है एवं एस्टीमेंट प्राप्त हो गया है।
   - **सिंचाई विभाग**– सिंचाई विभाग के अन्तर्गत कुल 188 एन0ओ0सी0 की आवश्यकता है 188 एन0ओ0सी पोर्टल पर अप्लाई कर दी गयी है। 94 एन0ओ0सी0 प्राप्त हो चुकी है। 94 एन.ओ.सी. की जी.ए.डी. ड्रइंग सिंचाई विभाग को उपलब्ध करा दी गयी है।
   - **वन विभाग**– फॉरेस्ट विभाग के अन्तर्गत फर्म को 11 एन0ओ0सी0 की आवश्यकता है जिसमें 06 एन0ओ0सी0 परिवेश पोर्टल पर अप्लाई कर दी गयी है। 02 नग एन.ओ.सी प्राप्त हो चुकी है वाइल्ड लाइफ सेंचरी की एनओसी हेतु ज्वाइंट विजिट कर परिवेश पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड कर दिया गया, परन्तु रेंजर द्वारा ज्वांइट विजिट की रिपोर्ट उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

   जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति) एवं अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा सभी सम्बन्धित विभागों से अप्राप्त एन0ओ0सी0 की साप्ताहिक समीक्षा करके उसे जल्द से जल्द प्राप्त करायेंगे।

(कार्यवाही:–अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।

8. **नॉन–कंप्लायंस रिपोर्ट**– टी.पी.आई. द्वारा मै0 एन0सी0सी0 पर कुल 110 एन0सी0 लगायी गयी थी जिसमें से 88 एन0सी0 का अनुपालन हो गया है। वर्तमान में 22 एन0सी0 (क्रिटिकल–13, मेजर–07 तथा माइनर–02) अभी लंबित है जिनको अभी तक कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्ण नहीं की गया है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एन0सी0सी0 के प्रोजेक्ट मैनेजर, को निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द लंबित एन0सी0 का नियमानुसार निस्तारित करायें। यदि गुणवत्ता में कमी पायी जाती है तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। टी.पी.आई को निर्देशित किया गया कि कराये जा रहे कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

(कार्यवाही:–जे.जी.एम., मै0 एन.सी.सी.–एप्पको (जे.वी.) एवं डी.पी.एम., टी.पी.आई. आगरा)।

<u>मै0 मेधा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, पैकेज–02</u>

1. **अवर जलाशय (OHT) की प्रगति**– जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मै0 मेधा इंजीनियरिंग द्वारा कुल 407 ओ0एस0टी0 का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि दिनांक 06.08.2026 को हुई बैठक में 380 ओ0एच0टी0 के सापेक्ष दिनांक 05.10.2026 को 394 ओ0एच0टी0 की खुदाई पूर्ण की गई है, इस अवधि में 14 ओ0एच0टी0 की अतिरिक्त प्रगति हुई है। 13 ओ0एच0टी0 की खुदाई का कार्य शेष है। पी0सी0सी0 कार्य की प्रगति 373 से बढ़कर 377 टैको तक हो गई है, इस अवधि में 4 टैको का अतिरिक्त कार्य किया गया है, 30 टैको कार्य शेष है। राफ्ट कार्य की प्रगति 262 से बढ़कर 277 टैको तक हो गई है। कुल 15 ओ0एच0टी0 की अतिरिक्त प्रगति हुई है। अप टू जी0एल0 कार्य में प्रगति 242 ओ0एच0टी0 से बढ़कर 268 ओ0एच0टी0 तक हो गई है, इस अवधि में 26 ओ0एच0टी0 का अतिरिक्त कार्य किया गया है। स्टैजिंग कार्य में प्रगति 106 ओ0एच0टी0 से बढकर 114 ओ0एच0टी0 तक पहुँच गई है। कुल 8 ओ0एच0टी0 की अतिरिक्त प्रगति हुई है। स्लैब कार्य में पिछली बैठक से वर्तमान बैठक तक कोई प्रगति नही हुई है। जिस पर मेधा के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि मौके पर 88 टीमो द्वारा कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पिछली बैठक से वर्तमान बैठक में हुए कार्यो का तुलनात्मक अध्ययन करने पर प्रगति 20 टीम की आयी, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए फर्म को निर्देशित किया गया कि दर्शायी गयी भौतिक प्रगति एवं डिप्लायर्ड मैनपावर से वास्तविक प्रगति में भिन्नता प्रतीत हो रही है,

Scanned with OKEN Scanner

इसलिए फर्म तत्काल मैनपावर बढायें एवं कार्य को समयबद्ध गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें तथा शेष बची हुई 10 ओएचटी पर शीघ्र कार्य प्रारम्भ करायें। तहसीलवार सभी सहायक अभियन्ता फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यों की टीमवार वास्तविक भौतिक प्रगति एवं गुणवत्ता का नियमित अनुश्रवण करें।

(कार्यवाहीः–सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा एवं प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजी0)।

2. **जिंक एल्युमिनियम टैंक एवं आर0सी0सी0 डोम कार्यः–** जिंक एल्युमिनियम टैंक में पिछली बैठक से वर्तमान बैठक तक कोई प्रगति नही हुई है। यह कार्य दिसम्बर 2027 से प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है। आर0सी0सी0 डोम कार्य के लिए निर्धारित 36 टैंको में से 2 टैंको पर कार्य प्रगति पर है।

(कार्यवाहीः–प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजीनियरिंग)।

3. **पाइप लेइंग एवं हाइड्रोटेस्टिंग सम्बन्धी कार्य :–** मै0 मेघा इंजीनियरिंग द्वारा 7568 कि0मी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 6033 कि0मी0 पाइपलाइन की आपूर्ति की जा चुकी है। इस कार्य में पिछली बैठक से वर्तमान बैठक तक कोई प्रगति नहीं हुई है। जबकि पाइपलाइन बिछाने का कार्य पिछली बैठक में 4245.85 कि0मी0 से बढ़कर वर्तमान बैठक में 4467.03 कि0मी0 हो गया, इस अवधि के दौरान 221.18 कि0मी0 पाइपलाइन बिछाई गई, शेष कार्य प्रगति पर है। हाईड्रोटेस्टिंग के कार्य में पिछली बैठक में प्रगति 823.65 कि0मी0 से बढ़कर वर्तमान बैठक में प्रगति 1074.38 कि0मी0 हो गई, इस अवधि के दौरान 250.73 कि0मी0 पाइपलाइन की हाइड्रोटेस्टिंग की गई। इस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि फर्म द्वारा दर्शायी गयी भौतिक प्रगति एवं फिल्डागर्ड मैनपावर से वास्तविक प्रगति में भिन्नता प्रतीत हो रही है, इसलिए फर्म तत्काल शेष डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन की आपूर्ति को लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा टीम व मैन पावर की संख्या बढाते हुए गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य कराये, साथ ही निर्धारित मानकों के अनुसार सभी लेइंग किए गये पाइपों की हाइड्रोटेस्टिंग की जाये।

(कार्यवाहीः–प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजीनियरिंग)।

4. **घरेलू जल संयोजनः–** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मै0 मेघा इंजीनियरिंग को कुल 296833 नग फंक्शनल हाऊस टैप कनेक्शन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पिछली बैठक में 91127 नग के सापेक्ष वर्तमान बैठक में 92654 नग फंक्शनल हाऊस टैप कनेक्शन दिया गया, इस अवधि में 1527 नग अतिरिक्त फंक्शनल हाऊस टैप कनेक्शन दिये गये, जो अत्यन्त कम है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 मेघा इंजीनियरिंग को निर्देश दिया कि मशीनरी व लेबर की संख्या बढ़ाते हुए नल संयोजन की गति को तीव्र कराए। हाउस टैप कनेक्शन को घर के अन्दर तक पहुंचाया जाए एवं स्कूलों, पंचायतों भवनों, आंगनबाडी केन्द्रो व अन्य सरकारी भवनों पर भी नियमानुसार नल संयोजन करायें जाए तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी ग्राम पंचायत एवं राजस्व ग्राम का कोई मजरा छूट ना पायें एवं प्रत्येक दशा में एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन घर के अन्दर ही हो एवं सही तरीके से क्लेंपिंग व ज्वाइंटिंग की जायें।

(कार्यवाहीः–प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजीनियरिंग)।

5. **रोड कटिंग/डिस्मैंटलिंग की प्रगिति–** अधिशासी अभियंता, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि दिनांक 06.08.2026 को हुई बैठक में प्रगति 1318.18 कि0मी0 से बढ़कर दिनांक 05.10.2026 को 1328.00 कि0मी0 हो गई, इस दौरान कुल प्रगति 9.82 कि0मी0 की रही। इसके साथ ही सड़क पूर्नस्थापना 1197.28 कि0मी0 से 23.72 कि0मी0 बढ़कर 1221 कि0मी0 हो गई। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजीनियरिंग को निर्देशित किया गया कि तत्काल मैनपावर व मशीनरी बढ़ाते हुए रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य नवम्बर 2026 में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं पाइप लाइन बिछाने के दौरान सी0सी0 रोड़ की कटिंग जे0सी0बी0 से न कराकर रोड़ कटर से करायें व कॉम्पेक्टर के माध्यम से पूर्ण कॉम्पैक्शन करायें।

(कार्यवाहीः–प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजीनियरिंग)।

6. **मैन पावर :–** वर्तमान में मै0 मेघा इंजीनियरिंग को कार्य पूर्ण करने के लिए निर्धारित 1250 मैन पावर की आवश्यकता है। अधिशासी अभियंता, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि दिनांक 06.08.2026 को हुई बैठक में फर्म द्वारा 678 मैन पावर लगाये गये थे, जो बढ़कर दिनांक 05.10.2026 को 1025 हो गये, इस दौरान कुल 347 अतिरिक्त मैनपावर की वृद्धि हुई है, तथापि निर्धारित आवश्यकता के सापेक्ष 225 मैनपावर अभी भी कम है।

(कार्यवाहीः–प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजीनियरिंग)।

7. **नॉन–कंप्लायंस रिपोर्ट–** टी0पी0आई के डीपीएम द्वारा बताया गया कि मै0 मेघा इंजीनियरिंग को कुल 268 एन0सी0 लगायी गयी थी जिसमें से 132 एन0सी0 का अनुपालन हो गया है। वर्तमान में 136 (क्रिटिकल–94 एवं मेजर–38 माइनर–04) एन0सी0 अभी लंबित है जिनको अभी तक कार्यदायी संस्था द्वारा क्लोज नहीं की गयी है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 मेघा इंजीनियरिंग के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द लंबित एन0सी0 का नियमानुसार निस्तारण कराये। यदि गुणवत्ता में कमी पायी जाती है तो कठोर कार्यवाही की जायेगी। टी.पी.आई को निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

(कार्यवाहीः–प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजीनियरिंग एवं डी.पी.एम., टी.पी.आई., आगरा)।

8. **एन0ओ0सी0–** अधिशासी अभियंता उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि मै0 मेघा इंजी0 द्वारा एन0ओ0सी0 के कार्यों में रूचि नहीं ली जा रही है। एन0ओ0सी0 का विवरण निम्नवत् है–
   - **रेलवे एन0ओ0सी–** कुल 59 एन.ओ.सी. की आवश्यकता के सापेक्ष पिछली समीक्षा तक 36 एन.ओ.सी. प्राप्त हुए थे, जो वर्तमान समीक्षा में बढ़कर 38 हो गये, इस प्रकार 2 अतिरिक्त एन.ओ.सी. प्राप्त हुई। पिछली बैठक से वर्तमान में इस्टीमेट 36 से बढ़कर 46 हो गयी, तथा 42 अनुमोदन का भुगतान फर्म द्वारा किया जा चुका है।
   - एन0एच0आई0– कुल 6 एन.ओ.सी. की आवश्यकता के सापेक्ष पिछली बैठक से वर्तमान बैठक में 3 के स्टीमेट प्राप्त हो गये है, और उनका भुगतान भी कर दिया गया है। इसके साथ ही वर्तमान बैठक में 2 की परमिशन प्राप्त हो गयी है।

Scanned with OKEN Scanner

- एन0एच0(पी0डब्लू0डी)– एन0एच0(पी0डब्लू0डी) के अन्तर्गत फर्म को 1 नग एन0ओ0सी0 की आवश्यकता है जिसके अन्तर्गत एन0ओ0सी अप्लाई कर दी गयी है जिसका इस्टीमेट प्राप्त हो गया है, एवं उसका भुगतान कर दिया गया है।
- Yeida- येडा के अन्तर्गत 01 नग एन0ओ0सी0 की आवश्यकता है जिसकी परमिशन प्राप्त हो चुकी है, कार्य पूर्ण हो गया है।
- यूपीडा (UPEIDA)– यूपीडा के अन्तर्गत 01 नग एन0ओ0सी फर्म द्वारा अप्लाई कर दी गयी है जिसका ज्वाइंट इन्सपेक्शन हो चुका है एवं एस्टीमेट प्राप्त हो गया है।
- सिंचाई विभाग– सिंचाई विभाग के अन्तर्गत कुल 151 एन0ओ0सी0 की आवश्यकता है 151 एन0ओ0सी पोर्टल पर अप्लाई कर दी गयी है। 68 एन0ओ0सी0 प्राप्त हो चुकी है। 52 एन.ओ.सी. की जी.ए.डी. ड्राइंग फर्म द्वारा सिंचाई विभाग को उपलब्ध करा दी गयी है।
- वन विभाग– फॉरेस्ट विभाग के अन्तर्गत फर्म को 2 एन0ओ0सी0 की आवश्यकता है जिसमें 02 एन0ओ0सी0 परिवेश पोर्टल पर अप्लाई कर दी गयी है। वाइल्ड लाइफ सेंचुरी की एन0ओ0सी हेतु मै0 मेघा इंजीनियरिंग द्वारा रिजर्व फारेस्ट एवं वाइल्ड लाइव सेंचुरी की अलग–अलग के0एम0एल0 फाईल बनायी जा रही है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति) एवं अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा सभी सम्बन्धित विभागों से अप्राप्त एन0ओ0सी0 की साप्ताहिक समीक्षा करके उसे जल्द से जल्द प्राप्त करायेंगे।

(कार्यवाही:–अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।

मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0 लि0। (O&M)

1. **संचालन एवं रखरखाव–** अधिशासी अभियंता उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि मै0 दारा इंजीनियरिंग द्वारा जनपद आगरा की 89 नग पेयजल योजनाओं का संचालन एवं रखरखाव किया जा रहा है। जिसमें दिनांक 06.08.2026 को हुई बैठक में 73 नग पेयजल योजनाऐं आंशिक क्रियाशील एवं 16 नग पेयजल योजनाऐं बंद थी, जिसमें दिनांक 05.10.2026 को हुई बैठक में बन्द पड़ी 16 नग पेयजल योजनाओं में से 4 नग पेयजल योजनाऐं क्रियाशील हो गई। एफ.एच.टी.सी. की संख्या पिछली समीक्षा बैठक में 21487 थी, जो वर्तमान समीक्षा में बढ़कर 23129 हो गई, इस प्रकार समीक्षा अवधि में 1642 अतिरिक्त एफ.एच.टी.सी. कनेक्शन प्रदान किये गये, जो अत्यन्त कम है। जनपद की विभिन्न स्कीमों में 299 लीकेज मरम्मत लम्बित थी, जिसमें फर्म द्वारा सुधार करते हुए 206 लीकेज की मरम्मत करा दी गई, वर्तमान में मात्र 93 लीकेज मरम्मत लम्बित रह गयी हैं। जिसको कि फर्म द्वारा उच्च प्राथमिकता पर ठीक कराया जा रहा है।

(कार्यवाही:–प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 दारा इंजीनियरिंग)।

2. **क्लोरीनीकरण एवं जल गुणवत्ता** – क्लोरीनीकरण के माध्यम से जलापूर्ति होने वाली योजनाओं की संख्या पिछली बैठक मे 6 थी, जो वर्तमान बैठक में बढकर 35 हो गई। इस दौरान कुल 29 योजनाओं में क्लोरिनयुक्त जलापूर्ति बढ़ायी गयी। इसके साथ ही कुल 42 योजनाओं पर ब्लीचिंग के माध्यम से जलापूर्ति करायी जा रही है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 दारा इंजीनियरिंग को निर्देशित किया गया, कि वह सभी योजनाओं में क्लोरिनयुक्त जलापूर्ति कराये, साथ ही जल की गुणवत्ता की नियमित जाँच कराते हुए आवश्यक अभिलेखों का दस्तावेजीकरण कराये, अन्यथा की स्थिति में फर्म के आगामी भुगतानों में कटौती के साथ अर्थदण्ड की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही:–प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 दारा इंजीनियरिंग)।

3. **मानव संसाधन** – पिछली बैठक में कुल 12 टीमों द्वारा कार्य कराया जा रहा था, जो बढकर वर्तमान बैठक में 45 हो गया, परन्तु मै0 दारा इंजीनियरिंग को आवश्यक 80 टीमों से बहुत कम है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपर्याप्त मैनपावर लगाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की एवं निर्देश दिये कि आगामी बैठक मे फर्म टीमों की संख्या बढाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही:–प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 दारा इंजीनियरिंग)।

4. **टी.टी.एस.पी. के कार्यो की प्रगति–** अधिशासी अभियंता उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि मै0 दारा इंजीनियरिंग द्वारा जनपद आगरा की 6393 नग टी.टी.एस.पी. योजनाओं का संचालन एवं रखरखाव किया जा रहा है। जिसमें दिनांक 06.08.2026 को हुई बैठक में 946 नग टी.टी.एस.पी. योजनाऐं अस्थायी रूप से खराब एवं 12 नग टी.टी.एस.पी. योजनाऐं स्थायी रूप से खराब को फर्म द्वारा क्रियाशील करा दिया गया था, दिनांक 05.10.2026 को हुई बैठक मे अस्थायी रूप से खराब 1520 एवं 510 नग टी.टी.एस.पी.योजनाऐं जो स्थायी रूप से खराब थी, को फर्म द्वारा क्रियाशील कर दिया गया। अब अस्थायी रूप से खराब 574 एवं स्थायी रूप से खराब 498 नग योजनाओं को क्रियाशील किया जाना शेष है, जिसे जिलाधिकारी महोदय द्वारा आगामी बैठक तक पूर्ण करने के निर्देश दिये है।

(कार्यवाही:–प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 दारा इंजीनियरिंग)।

5. **टी.टी.एस.पी. कार्य में मानव संसाधन** – अस्थायी रूप से खराब टी.टी.एस.पी. मे पिछली बैठक मे कुल 15 टीमों द्वारा कार्य कराया जा रहा था, जो बढ़कर वर्तमान बैठक मे 35 हो गया, परन्तु मै0 दारा इंजीनियरिंग द्वारा आवश्यक 40 टीमों से कम है। स्थायी रूप से खराब टी.टी.एस.पी. मे पिछली बैठक मे कुल 15 टीमों द्वारा कार्य कराया जा रहा था, जो बढ़कर वर्तमान बैठक में 45 हो गया, परन्तु मै0 दारा इंजीनियरिंग द्वारा आवश्यक 150 टीमों से बहुत कम है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपर्याप्त मैनपावर लगाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की, एवं निर्देश दिये कि आगामी बैठक मे टीमों की संख्या बढाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही:–प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 दारा इंजीनियरिंग)।

Scanned with OKEN Scanner

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गई। इस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जे० जे०एम०–2 के दिशा–निर्देशों के अनुसार योजनान्तर्गत समस्त कार्यों को पूर्ण करने की प्रस्तावित तिथि 31 दिसम्बर, 2027 निर्धारित है। परंतु मै0 एन.सी.सी द्वारा सीडब्लूआर के सगस्त कार्य दिसम्बर 2026 तक पूर्ण करा लिये जायेंगें, एवं मै0 मेघा इंजी0 द्वारा समस्त कार्य को जुलाई 2027 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। जिसकी कार्य योजना जल निगम (ग्रामीण) कार्यालय में जमा करा दी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), को निर्देशित किया गया कि प्रस्तुत माइक्रो प्लान के सापेक्ष प्रगति की नियमित समीक्षा की जाये तथा प्रगति योजना के अनुरूप न पाये जाने पर अनुबंध की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0 लि0 को निर्देश दिये कि वह अपनी कार्यशैली में सुधार करते हुये मरम्मत एवं रिपेयरिंग कार्य कर सभी योजनाओं को शीघ्र क्रियाशील करें।

(कार्यवाहीः– अधिशासी अभियंता उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा)।

उक्त के अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नानुसार निर्देश दिये गये–

1. जल जीवन मिशन फेज–04 के अंतर्गत संचालित समस्त कार्यों की पिछली साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपलब्ध प्रगति तथा वर्तमान समीक्षा बैठक तक हुई वास्तविक प्रगति का कार्यवार एवं मदवार तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करें।

(कार्यवाहीः– अधिशासी अभियंता उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा)।

2. समस्त सहायक अभियंता/ जूनियर इंजीनियर, तहसीलवार मॉनिटरिंग करें एवं साथ ही ग्राम पंचायत वार मासिक कार्ययोजना के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाहीः– सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा)।

3. मै0 एन.सी.सी. पाइप लेइंग के कार्यो के साथ–साथ रोड रेस्टोरेशन के कार्यो को पूर्ण कराये और यमुना एवं ऊटंगन ब्रिज पर प्रति सप्ताह दो पियर केप का निर्माण कराये। का

(कार्यवाहीः–जे.जी.एम., मै0 एन.सी.सी.–एप्पको(जे.वी.)।

4. मै0 मेघा इंजी कम्पोनेंट वाइज सभी तहसीलों मे बराबर–बराबर मैनपावर/गैंग को नियुक्त करें ताकि सभी सहायक अभियंता कार्यो की कुशल तरीके से मॉनिटरिंग कर सके। इस निर्देश का कड़ाई से अनुपालन किया जाये।

(कार्यवाहीः– पी.एम. मै0 मेघा इंजीनियरिंग)।

5. मै0 मेघा इंजीनियरिंग द्वारा दर्शायी गयी भौतिक प्रगति एवं डिप्लोयर्ड मैनपावर से वास्तविक प्रगति में भिन्नता मिली है, इसलिए तहसीलवार समस्त सहायक अभियन्ता फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यो की टीमवार वास्तविक भौतिक प्रगति एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखेगे।

(कार्यवाहीः– सहायक अभियन्ता, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा एवं पी.एम. मै0 मेघा इंजीनियरिंग)।

6. मै0 दारा इंजीनियरिंग द्वारा आंशिक क्रियाशील टी.टी.एस.पी. योजनाओं पर टीम बढ़ाकर तेजी से कार्य कराते हुये टी.टी.एस.पी को क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाहीः–पी.एम., मै0 दारा इंजीनियरिंग)।

अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), को निर्देशित किया गया कि बैठक में दिये गये निर्देशों का तहसीलवार सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं फर्म द्वारा अनुपालन कराते हुये अनुपालन आख्या एवं कृत कार्यवाही से आगामी मासिक समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करें।

/

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
आगरा।

कार्यालय जिलाधिकारी आगरा।

(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति)

पत्रांक 1471 / बैठक जे0जे0एम0/का0वृ0 / 158 दिनांक 30-10-2026

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
2. जिलाधिकारी महोदय, आगरा को सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, आगरा।
4. मुख्य चिकित्साधिकारी, आगरा।
5. जिला वनाधिकारी, आगरा।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी, आगरा।
7. बेसिक शिक्षा अधिकारी, आगरा।
8. अधिशासी अभियन्ता, लोअर खण्ड, आगरा नगर सिंचाई विभाग, आगरा।
9. अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई, आगरा।

Scanned with OKEN Scanner

10. अधिशासी अभियन्ता, राजकीय नलकूल खण्ड, आगरा।
11. जिला कृषि अधिकारी, आगरा।
12. जिला सूचना अधिकारी, आगरा।
13. अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (वि0/यॉ0), आगरा को इस निर्देश के साथ जहॉ–जहॉ सिविल कार्य पूर्ण हो चुका है वहां पर वि0/यॉ0 के उपकरण/मशीनरी की आपूर्ति कराकर, शीघ्र ही इन्स्टॉलेशन का कार्य प्रारम्भ कराये।
14. अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सतत पर्यवेक्षण करते हुए गुणवत्ता मानकों को लागू कराते हुए अनुपालन कराना सुनिश्चित करें व अनुपालन आख्या प्रेषित करें।
15. समस्त सहायक अभियंता उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आगरा इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वह स्वंय अपने–अपने क्षेत्रों में जाकर अपने पर्यवेक्षण में गुणवत्ता एवं मानकों का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।
16. टीम लीडर/डी0पी0एम0, फिशनर कन्सल्टिंग इंजीनियर्स (इण्डिया) प्रा0 लि0 आगरा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने पर्यवेक्षण करते हुए गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखें।
17. जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई (डी0पी0एम0यू0), आगरा को अनुपालनार्थ।
18. जे0जी0एम0, मैसर्स एन0सी0सी0 एपको (जे0वी0) (पैकेज–1), आगरा को अनुपालनार्थ।
19. प्रोजेक्ट मैनेजर, मैसर्स मेघा इंजी0 एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 (पैकेज–2), आगरा को अनुपालनार्थ।
20. प्रोजेक्ट मैनेजर/डी0जी0एम0, मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0 लि0, आगरा को इस निर्देश के साथ नियमानुसार योजनाओं का संचालन कराना सुनिश्चित करें।

30/10/26

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
आगरा।

Scanned with OKEN Scanner